तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 8 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 जनवरी 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 भाजयुमो मंडल सशक्तिकरण अभियान को लेकर कार्यशाला



## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पर शिविर आज

**मनेन्द्रगढ़।** भारत शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लेगशिप स्कीम के प्रचार-प्रसार तथा योजनाओं के कवरेज को बढ़ावा देने एवं हितग्राहियों में जागरुकता लाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का 15 जनवरी को कैम्प लगाकर क्रियान्वयन किया जाना है। उपरोक्त कैम्प सोमवार को दोपहर 1 से सायः 5:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा सांस्कृतिक भवन विवेकानंद कालेज के सामने वार्ड नंबर 15 मनेन्द्रगढ़, जिला-एमसीबी में आयोजित होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् इशहाक खान ने आमजन से उपरोक्त यात्रा का लाभ उठाने की अपील की है।

### 22 को विशाल भंडारे का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा उत्सव जिले में भी धूमधाम से मनाया जाएगा। बैकुंठपुर के प्रभु श्रीराम भक्तों द्वारा इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, इसे लेकर अभी से ही तैयारी शुरू हो गई है। श्रीराम भक्त जोर शोर से तैयारी में जुट गए हैं। 22 जनवरी को 12 से शाम 5 तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम 5 से 8 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस दिन सुबह पूजा-अर्चना के साथ ही भजन संध्या और महाआरती की जाएगी। श्रीराम भक्तों ने सभी से उक्त आयोजन में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने के लिए आग्रह किया है।

### प्रेमाबाग में योग शिविर का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर बैकुंठपुर के प्रेमाबाग प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हरिद्वार से पधारे डॉक्टर स्वामी परमार्थ देव किस सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने योग अभ्यास किया। आयोजन में प्रातः 6 से 7:30 बजे तक संभाग स्तरीय योग शिविर में अनुलोम-विलोम कपालभाति, भ्रामरी, भस्त्रिका सहित सूर्य नमस्कार भुजंगासन, मकर आसान, शासक आसान, मंडूकासन, ताड़ासन सहित विभिन्न योगासन का अभ्यास कराया गया। सुबह 8 बजे से मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गई। 11 बजे से स्वामी परमार्थ देव जी ने लोगों से चर्चा एवं सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजित शिविर में काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### रामभक्तों ने वार्ड में निकाली प्रभात फेरी



**बैकुण्ठपुर।** स्थानीय श्री राम भक्तों के द्वारा इन दिनों सुबह के समय अलग-अलग वार्डो में भजन कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकाली जा रही है, इसके शुरूआत बीते दिवस स्थानीय बाजारपारा स्थित हनुमान मंदिर परिसर से शुरू हुई। इसके बाद से प्रतिदिन श्रीराम भक्तों की टोली के द्वारा प्रतिदिन सुबह होने के साथ ही विभिन्न मोहल्लों से होकर प्रभात फेरी झाल, मंजीरा के साथ निकाली जा रही है। इसमें श्रीराम के भजन गाते हुए भक्तों की टोली चलती है। यह कार्यक्रम आगामी 22 जनवरी तक श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में नव निर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम के मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा होने के दिन तक अनवरत चलाए जाने का निर्णय भक्तों के द्वारा लिया गया है।

## पिकनिक मनाने आए थे 9 दोस्त, रेस्क्यू के बाद शव बरामद

# गौरघाट जल प्रपात में डूबने से युवक की मौत



घटनास्थल जहां डूबा था युवक।



रेस्क्यू कर निकाला गया शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गौरघाट जल प्रपात में शनिवार को पिकनिक मनाने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। जल प्रपात के गहरे पानी में डूबे युवक का शव दूसरे दिन रविवार को रेस्क्यू टीम के गोताखोरों के द्वारा सुबह के समय निकाला जा सका। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी गौरघाट जल प्रपात में ऐसी घटनाएं हो चुकी है। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 13 जनवरी को सूरजपुर के पीएचई में कार्य करने वाला युवक स्वराज चक्रवर्ती उम्र 24 वर्ष सहित उसके 9 दोस्त पिकनिक मनाने के लिए कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत तथा चरचा थाना क्षेत्र में स्थित गौरघाट जल प्रपात स्थल पर गए हुए थे। पिकनिक मनाने के दौरान अपरान्ह के 3:30 बजे के लगभग युवक स्वराज चक्रवर्ती गौरघाट जल प्रपात के उपरी हिस्से में चट्टान के किनारे हिस्से पर सेल्फी ले रहा था, इसी दौरान अनियंत्रित होकर वह जलप्रपात के गहराई में गिर गया। इसकी सूचना नगर सेना कोरिया को दी गई, इसके बाद नगर सेना की रेस्क्यू टीम व चरचा पुलिस थाना प्रभारी अनिल किण्डो मौके पर पहुंच गए और नगर सेना की रेस्क्यू टीम ने जल प्रपात के गहरे पानी में डुबे युवक के शव की तलाश शुरू कर दी और सायं 6.30 बजे तक डुबे युवक का शव बरामद नहीं हो पाया था और शाम ढलने के कारण अंधेरा छाने लगा था, इसके कारण रेस्क्यू अभियान को रोक दिया गया। घटना के दूसरे दिन 14 जनवरी को सुबह फिर से नगर सेना के रेस्क्यू टीम गौरघाट जल प्रपात पहुंच कर पानी में डुबे युवक स्वराज चक्रवर्ती के शव को तलाश करना शुरू कर दिया और कुछ देर पश्चात 9.50 बजे शव को खोज निकाला। इस कार्य में रेस्क्यू प्रभारी बबलू प्रसाद, सुनील लाल व बाढ़ बचाव की टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लेकर जांच में जुट गई है।

### सेल्फी लेने की चाह में गई युवक की जान

कोरिया जिले के प्रसिद्ध गौरघाट जल प्रपात में बीते 13 जनवरी को युवक स्वराज चक्रवर्ती पिकनिक मनाने के दौरान जल प्रपात के उपरी हिस्से में चट्टान के किनारे हिस्से में जाकर सेल्फी ले रहा था, इसी दौरान वह असंतुलित हो गया और जल प्रपात के गहरे खाई में नीचे गिर गया। इस तरह पिकनिक मनाने गए सभी युवकों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। पिकनिक की खुशियां मातम में बदल गई।

### रेलिंग विहीन जल प्रपात स्थल है खतरनाक

कोरिया जिले में पर्यटन क्षेत्र के विकास के नाम पर लाखों करोड़ों रूपए खर्च किए जा रहे हैं, बावजूद इसके जिले के प्रसिद्ध जल प्रपात गौरघाट स्थल पर सैलानियों के सुरक्षा के लिए कोई उपाय अब तक नहीं किए गए हैं, जबकि कोरिया जिले का गठन हुए दो दशक का समय बीत गया। जानकारी के अनुसार गौरघाट जल प्रपात स्थल पर उपरी हिस्से में चट्टान के किनारे किसी प्रकार से रेलिंग की सुविधा तक प्रशासन नहीं कर पाई है, जबकि इस जल प्रपात स्थल पर इसके पहले कई घटनाएं हो चुकी है और लोगों की मौत भी हो चुकी है, बावजूद पिछले घटनाओं से सबक नहीं लिया गया ,जिसका परिणाम बीते 13 जनवरी को फिर से जल प्रपात में एक युवक डुब गया।

### पहले भी घट चुकी है ऐसी घटनाएं

गौरघाट जल प्रपात स्थल पर किसी युवक के जल प्रपात में डुबने से मौत होने की यह कोई पहली घटना नहीं है, इसके पूर्व के वर्षो में भी कई घटनाएं घटित हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार बीते 4 जनवरी 2021 को भी गौरघाट जल प्रपात स्थल में पिकनिक मनाने गए दोस्तों के बीच एक युवक जल प्रपात में डुबने से मौत हो गई थी ,जिसका शव तीसरे दिन निकाला गया था, वहीं बीते 25 दिसंबर 2012 को पिकनिक मनाने आए युवकों में दो दोस्त भी गौर घाट जल प्रपात में डुब गए थे, जिनका शव मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया था।

### स्थल को सुरक्षित बनाने की जरूरत

गौरघाट जल प्रपात स्थल सैलानियों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है, क्योंकि जल प्रपात स्थल पर उपरी हिस्से में किसी तरह का सुरक्षित घेरा नहीं है और न ही चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगा है। दिसंबर माह के आखिरी समय और जनवरी माह में सैलानियों की भीड़ बराबर बनी रहती है, ऐसे समय में वहां पर गोताखोर व सुरक्षा कर्मी भी मौजूद नहीं रहते। इस तरह गौर घाट जल प्रपात की सैर करने एवं पिकनिक मनाने आने वाले लोगों को अपनी सुरक्षा खुद करनी होती है। इस दौरान कई युवा अपनी जान की परवाह न करके जल प्रपात के किनारे हिस्से में जाकर फोटोग्राफी करते हैं जो कि खतरनाक है। प्रशासन को चाहिए कि इस स्थल पर सुरक्षा के उपाय किए जाए, इससे भविष्य में फिर अनहोनी घटना न घटे।



# नौ दिवसीय राम नाम संकीर्तन महायज्ञ शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ओंकार वन स्थली परिवार एवं भक्तजनों के तत्वाधान में 14 जनवरी से नौ दिवसीय राम नाम संकीर्तन महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम 14 जनवरी से शुरू होकर आगामी 22 जनवरी तक चलाया जाएगा।

■ ओंकारेश्वर धाम कैलाशपुर सोनहत में आयोजन

ओंकार वन स्थली परिवार के द्वारा राम वन गमन पथ गमन विश्राम स्थल ऊं तीर्थ ओंकारेश्वर धाम कैलाशपुर सोनहत में शुरू किया गया है। इस आयोजन में प्रतिदिन विद्वान पंडितों, राम भक्तों द्वारा पूजन, हवन, भंडारा, राम नाम संकीर्तन, रामचरित गायन, हनुमान चालिसा पाठ का आयोजन किया गया है, इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 1 से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त कार्यक्रम में बाहर से आय महिला-पुरूष भक्तों के रूकने व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

### कब कौन कौन से कार्यक्रम

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 एवं 15 जनवरी को लोक नृत्य कर्म शैला सुवा में भगवान के चरित्र का वर्णन,16 जनवरी को पंडवानी लोक नृत्य गीत में महाभारत की कथाओं का वाचन,17 जनवरी को लोकड़ी जवारा गीत में देवी मां के चरित्र की प्रस्तुती,18 जनवरी को मंदिरों देवालयों में ब्राम्हणों, बैगाओं, साधु संतो तथा भक्तगणों का सम्मेलन,19 जनवरी को नशा छोड़ने का संकल्प व भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना, 20 जनवरी को ओंकारेश्वर परिवार एवं रामायण मंडली राम भक्तों का सम्मेलन, 21 जनवरी को प्रवचन एवं सत्संग कीर्तन होगा, वहीं अंतिम दिन 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा उत्सव एवं दीप प्रज्जवलन, शंख घंटी का वादन एवं सामूहिक हनुमान चालिसा पाठ होगा।

## सती मंदिर की मूर्तियां हटाने वाले अफसरों को अवमानना का नोटिस

**बैकुण्ठपुर।** एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के बरतुंगा सती मंदिर से पुरातात्विक शिलालेख, प्राचीन स्मारक व अवशेषों को हटाए जाने पर हल्दीबाड़ी के रहने वाले आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा ने एसईसीएल के चिरमिरी उपक्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिंह, कुरासिया उपक्षेत्रीय प्रबंधक अरूण कुमार चौहान व ओपन कास्ट माइंस के चैनमेन राजेश्वर श्रीवास्तव को उच्च न्यायालय की अवमानना किए जाने का नोटिस भेजा है।

विदित हो कि बरतुंगा सती मंदिर से पुरातात्विक अवशेषों को मंदिर स्थल से हटाकर आजाद नगर के सामुदायिक भवन में रखे जाने पर बरतुंगा के स्थानीय लोगों ने मामले की शिकायत चिरमिरी थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को आहत किए जाने पर चिरमिरी उपक्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिंह, कुरासिया उपक्षेत्रीय प्रबंधक अरूण कुमार चौहान व ओपन कास्ट माइंस के चैनमेन राजेश्वर श्रीवास्तव के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था, लेकिन केस दर्ज होने के बावजूद मामले में अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस पर चिरमिरी निवासी राजकुमार मिश्रा ने चिरमिरी, कुरासिया क्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधकों समेत एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के महाप्रबंधक को हाईकोर्ट के निर्देशों की अवमानना करने का नोटिस भेजा है।

### घर के सामने खड़ी बोलेरो पार, जुर्म दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** जनकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात चोर ने बोलेरो वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम कांची टोला निवासी किसान लालजी सिंह 13 जनवरी को अपनी बोलेरो वाहन को लेकर जनकपुर के खेतौली आए हुए थे। देर शाम लगभग 8 से 9 बजे गाड़ी अपने घर ले जाकर घर के सामने ही खड़ी कर वह सोने चले गए। सुबह करीब 5 बजे जब किस घर से बाहर आकर देखा तो बोलेरो वाहन नहीं थी। आज पड़ोस में पता करने के बावजूद बोलेरो के बारे में कुछ भी नहीं पता चला। शिकायत में बताया गया है कि बोलेरो वाहन सफेद रंग की थी। 2013 मॉडल जिसे किसान ने सेकंड हैंड खरीदा था। चोरी की घटना के बाद किसान ने जनकपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। किसान की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## संक्रांति पर जलाशयों में स्नान के लिए जुटेंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व आज 15 जनवरी को पूरे जिले में उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पंडितों से मिली जानकारी के अनुसार 14 जनवरी को रात 2.44 मिनट पर सूर्यदेव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करेंगे, जिसका पुण्यकाल 15 जनवरी को सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक रहेगा।

इस तरह इस वर्ष 15 जनवरी को पूरे दिन मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन विभिन्न क्षेत्रों के नदियों एवं जलाशयों में सुबह से ही लोगों की भीड़ स्नान के लिए जुटेंगे। इस दिन सुबह के समय नदी सरोवरों में स्नान करने का अपना अलग महत्व है। इसी मान्यता को लेकर मकर सक्रांति के दिन सुबह के समय बड़ी संख्या में लोग नदी सरोवरों में स्नान करने पहुंचते हैं।

इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है, लेकिन ऐसा संभव न हो तो अपने घर में ही स्नान करने के जल में गंगाजल एवं तिल मिलाकर स्नान किया जा सकता है। वहीं श्रद्धालु इस दिन स्नान करने के बाद अपने आस-पास के मंदिरों में जाकर चावल, कपड़े, उड़द दाल, काली तिल, गुड, लड्डु आदि का चढ़ावा करते हैं और प्रसाद का वितरण करते हैं। इस दिन जरूरतमंदों को दान करने का भी विशेष फल मिलता है।

### आज से शुरू होंगे मांगलिक कार्य

खरमास की समाप्ति मकर संक्रांति को 15 जनवरी को होगी। सूर्य जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो खरमास की अवधि खत्म हो जाती है। इस दिन से सूर्य उत्तर दिशा की ओर गमन करते हैं। मकर संक्रांति से सूर्य का प्रकाश तेज होने लगता है। इस दिन से देवी-देवताओं के दिन शुरू हो जाते हैं। खरमास की अशुभ अवधि 15 जनवरी को समाप्त होने के बाद सारे शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाएगी। मकर संक्रांति के बाद से देवशनयी एकादशी तक गृह प्रवेश, नए वाहन-भूमि की खरीदारी, विवाह, जनेऊ संस्कार, अन्नप्राशन संस्कार, नए बिजनेस की शुरूआत कर सकते हैं।

### तिल गुड के लड्डु खरीदी करने जुटी रही भीड़

मकर संक्रांति के एक-दो दिन पूर्व शहर के बाजार में कई जगहों पर विक्रय की जा रही तिल, गुड के लड्डुओं, तिलकुट, गजक आदि की खरीदी करने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। मकर सक्रांति के दिन हर घर में उक्त व्यंजनों का सेवन किया जाता है, इसके अलावा कई परिवार के यहां चिवड़ा, दही व गुड का भी सेवन किया जाता है, जिसके चलते बाजार में उक्त चीजों की खरीदी करने में लोग जुटे रहे। इस दिन कई लोगों के द्वारा खिचड़ी भी घर में पकाई जाती है खासकर उत्तर पूर्वी भारत के लोगों के द्वारा अपने घरों में खिचड़ी आवश्यक रूप से बनाई जाती है। इस पर्व को इस क्षेत्र के लोग खिचड़ी पर्व भी कहते हैं।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष शरण सिंह ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एक आदिवासी बाहुल्य जिला है, जहां अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण आदिवासी कृषकों और मजदूरों की है। आज भी कई गांव पहुंचविहीन हैं और बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित है। चूंकि नए जिले के गठन का उद्देश्य ही प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण है। जनहित में सर्व आदिवासी समाज शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना चाहता हूं कि जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का सुदूरवर्ती क्षेत्र जनकपुर और कोटाडोल है। वहां से इलाज के लिए आम लोगों, ग्रामीणों को जिला अस्पताल बैकुंठपुर तक लगभग 175 किमी की दूरी तय करनी होती है।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते लोग सर्व आदिवासी समाज के लोग।

नवगठित जिले में जिला अस्पताल चिरमिरी में बनाया जाना प्रस्तावित है। ऐसा किया जाना सुदूरवर्ती क्षेत्रों के आदिवासियों और ग्रामीणों के हितों के विपरीत होगा। चूंकि इन क्षेत्रों से मनेन्द्रगढ़ के लिए सीधे पहुंचना आसान है अतः जिला अस्पताल को जनहित एवं जनसुविधा को ⏭ शेष पेज 4 पर

### 775 लीटर अवैध शराब पुलिस ने किया जब्त

**अम्बिकापुर।** प्रदेश के गृह मंत्री के निर्देश के बाद अवैध शराब बिक्री व नशे के कारोबार के खिलाफ आईजी के निर्देश पर जिलों में की गई कार्रवाई के दौरान 775 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले में आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत 190 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया जा चुका है। अभियान चलाकर आबकारी एक्ट के तहत कुल 23 प्रकरणों में 26 आरोपियों से 350 लीटर अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए 135 प्रकरणों में 164 व्यक्तियों से 425 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया। इसी प्रकार कुल 158 प्रकरणों में 190 व्यक्तियों से 775 लीटर अवैध शराब जप्त कर गिरफ्तारी की गई।

## नागपुर में मिलेगी एम्बुलेंस और मेडिकल ऑफिसर की सुविधा



स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के नागपुर में एम्बुलेंस और मेडिकल ऑफिसर की सुविधा देने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता महेश साहू एवं ग्राम वासियों ने स्वास्थ्य मंत्री छग से मांग की गई। ⏭ शेष पेज 4 पर

## दूसरे दिन चरचा और उत्तराखंड की टीम के मध्य हुआ मैच

# गोल्डकप के रोमांचक मुकाबले में न्यू सपोटिंग क्लब की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोयलांचल क्षेत्र में 48 वां अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरे दिन रविवार को न्यू स्पोटिंग क्लब चरचा वर्सेज गड़वाल स्पोटिंग देहरादून उत्तराखंड़ के मध्य खेला गया।

मंच अतिथि एरिया सेल्स मैनेजर जी. किशोर, कांग्रेस जिला पूर्व उपाध्यक्ष हेमसागर यादव, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, पूर्व एल्डरमैन सतनारायण मोदी, लाल बहादुर सिंह, मो. रियाज, संदीप कुमार, महेश कुमार यादव, गोपाल सिंह, अशोक सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मैच प्रारंभ के पश्चात दोनों ही टीमों को मैदान में उतारा गया। तत्पश्चात राष्टगान के साथ मैच प्रारंभ किया गया। वहीं दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक दूसरे पर भारी रहा, परंतु न्यू स्पोटिंग क्लब चरचा शुरू से देहरादून टीम पर भारी रहा। न्यू स्पोटिंग क्लब को कई बार गोल करने मौका मिला, लेकिन देहरादून की टीम गोल बचाने में कामयाब रही। इसी के साथ मैच रोमांचक देखने को मिला। मध्यांतर के पहले दोनों ही टीमें गोल करने में असमर्थ रही। मध्यांतर तक दोनों ही टीमों ने 0-0 की बराबरी पर काबिज रहा। मैच देखने चरचा क्षेत्र के अलावा आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोग एवं जिले के खेल प्रेमी देखने पहुंचे रहे। लोगों का कहना है कि चरचा का मैच जब भी होता है तो ग्राउंड पूरी तरह भरा रहता है, जहां हजारों की संख्या में दर्शक चरचा टीम का मनोबल बढ़ाने पहुंची है। मैच निर्णायक आशीष तिवारी बिलासपुर, रेफरी विशाल प्रजापति, चंदन बेहरा, सनातन अग्रवाल जगदलपुर, मैच कमिश्नर अनिल केचर चिरमिरी ने मैच कराया।



पुरस्कृत होते खिलाड़ी।



मैच खेलते खिलाड़ी।

मध्यांतर के बाद दोनों ही टीम मैदान में उतरी। दोनों ही टीमे अच्छा प्रदर्शन करते रहे। दोनों ही टीमें मध्यांतर के बाद भी गोल करने का मौका नहीं दे रहे हैं, बावजूद उसके चरचा टीम शुरूआत से ही अच्छा खेल रहा था। जब भी चरचा टीम को गोल करने का मौका मिला तो दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। मध्यांतर के 35 मिनट के बाद न्यू स्पोटिंग क्लब चरचा के खिलाड़ी जर्सी नंबर 16 नितेश गुप्ता ⏭ शेष पेज 4 पर

### चंद्र ने सिविल जज परीक्षा में हासिल की सफलता



**अंबिकापुर।** शुक्रवार को जारी किए गए सिविल जज के परीक्षा परिणाम में जिले के चंद्र प्रताप सिंह ने भी सफलता हासिल की है। चंद्र प्रताप सिंह ने परीक्षा में 46 वां स्थान हासिल किया है। श्री सिंह ने बिलाईगढ़ सारंगगढ़ में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए पहले प्रयास में ही यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपने कठिन परिश्रम से पहले प्रयास में ही सीजी पीएससी से सहायक लोक अभियोजन की परीक्षा में सफलता हासिल की थी और यही से उन्होंने जज बनने का निश्चय किया व सहायक लोक अभियोजक के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने सिविल जज के लिए परीक्षा दी। चंद्र प्रताप सिंह के पिता स्व. कृष्ण अवतार सिंह उद्योग

